>

Title: Need to shift old railway stations to other places for industrial development of the backward areas of Sabarkantha Parliamentary Constituency.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा (गुजरात) जोकि एक आदिवासी, दलित एवं पिछड़े लोगों का क्षेत्र है तथा रेल विकास की धरोहर है। आजादी के इतने लंबे अरसे के बाद भी हमारे क्षेत्र में रेलवे का सम्यक विकास नहीं होने के कारण यह क्षेत्र उद्योगों के विकास से वंचित है तथा आर्थिक विकास में लगातार पिछड़ा हुआ है।

हमारे क्षेत्र से उदयपुर-हिम्मतनगर-अहमदाबाद रेल लाइन गुजरती है जिसका अभी अमान परिवर्तन का काम शुरू होने वाला है। हिम्मतनगर से उदयपुर रेल लाइन के बीच जो रेलवे स्टेशन पुराने समय में बनाए गए हैं वो सब अनुपयोगी हो चुके हैं तथा इस रेल लाइन पर रेलवे घाटे में चल रही है। मेरी मांग है कि अब जब हिम्मतनगर-उदयपुर अमान परिवर्तन का काम चालू हो गया है तो निम्न रेलवे स्टेशनों का बदलाव किया जाए - 1. बिरावाड़ा रेलवे स्टेशन को गांभोई में स्थापित किया जाए। 2. लालपुर रेलवे स्टेशन को टींटोई में स्थापित किया जाए। 3. लुसडीया रेलवे स्टेशन को वायपुर के आसपास स्थापित किया जाए। 4. जगबोर रेलवे स्टेशन को दहेगामड़ा गांव के पास स्थापित किया जाए।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त स्टेशनों की स्थापना हेतु तत्काल आदेश देकर हमारे पिछड़े क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने की कृपा करें।